
पंजाब केसरी
WED,01 JULY 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 7

# 10वीं और 12वीं की सप्लीमैंट्री परीक्षाएं 3 जुलाई से

धर्मशाला, 30 जून (सुनील): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के मैट्रिक और जमा दो श्रेणी के नियमित अभ्यर्थियों के लिए अनुपूरक (सप्लीमैंट्री) परीक्षाओं का आयोजन 3 जुलाई से किया जा रहा है। मैट्रिक की परीक्षाएं 3 से 10 जुलाई और जमा दो की परीक्षाएं 3 से 16 जुलाई 2026 तक संचालित की जाएंगी, जिनका विस्तृत कार्यक्रम बोर्ड की वैबसाइट पर उपलब्ध है।

सभी परीक्षाएं प्रात: कालीन सत्र में सुबह 8:45 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होंगी। इसके साथ ही जिन अभ्यर्थियों को बोर्ड द्वारा विशेष अवसर प्रदान किया गया है या जिन्होंने पूर्व में परीक्षा न दे पाने के कारण आवेदन किया था, वे भी अपनी पात्रता की पुष्टि कर तय समय पर परीक्षा केंद्रों में पहुंचना सुनिश्चित करें।



"बोर्ड द्वारा परीक्षाओं के सुचारू, पारदर्शी एवं सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए हैल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं, जिनके माध्यम से परीक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। सभी अभ्यर्थियों से आग्रह है कि वे समय पर अपने परीक्षा केंद्रों में पहुंचना सुनिश्चित करें।

–डॉ. राजेश शर्मा, अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला।

# मैट्रिक व जमा दो अनुपूरक परीक्षाएं तीन जुलाई से

**जागरण संवाद केंद्र, धर्मशाला** : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से शैक्षणिक सत्र 2025-26 के मैट्रिक एवं जमा दो (नियमित) श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए अनुपूरक परीक्षाएं तीन जुलाई से आयोजित की जाएंगी। इन परीक्षाओं में कंपार्टमेंट, एसेंसियल इंप्रूवमेंट, आप्शनल इंप्रूवमेंट, स्पेशल चांस, एडिशनल सबजेक्ट, डिप्लोमा होल्डर रीअपीयर और अन्य अनुमन्य श्रेणियों के अभ्यर्थी शामिल होंगे। सभी परीक्षाएं प्रातः 8:45 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आयोजित की जाएंगी। स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि मैट्रिक (नियमित) श्रेणी की अनुपूरक परीक्षाएं तीन से 10 जुलाई और जमा दो (नियमित) श्रेणी की परीक्षाएं तीन से 16 जुलाई तक संचालित की जाएंगी। परीक्षा कार्यक्रम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

डा. शर्मा ने विशेष अवसर प्राप्त अभ्यर्थियों को सूचित किया है कि जिन्हें पूर्व निर्धारित परीक्षा में भाग नहीं लेने के कारण विशेष अवसर प्रदान किया गया है। ऐसे अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे अपनी पात्रता की पुष्टि कर निर्धारित तिथि पर परीक्षा में उपस्थित हों। बोर्ड ने परीक्षा संबंधी जानकारी के लिए जिला एवं श्रेणीवार हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं।

# स्कूल शिक्षा बोर्ड ने बदला अर्की का परीक्षा केंद्र

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा जुलाई 2026 में आयोजित होने वाली मैट्रिक (दसवीं) और 12वीं कक्षाओं की नियमित पूरक (सप्लीमेंट्री) परीक्षाओं में बदलाव किया गया है। बोर्ड के सचिव डा. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि सोलन जिला के अर्की में एक परीक्षा केंद्र को प्रशासनिक कारणों से बदल दिया गया है। अधिसूचना के मुताबिक, पूर्व में निर्धारित परीक्षा केंद्र 4143 – पीएम श्री शहीद कैप्टन विजयंत थापर जीजीएसएसएस – अर्की – सोलन के स्थान पर अब नया परीक्षा केंद्र 4139 – पीएम श्री शहीद कैप्टन विजयंत थापर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला – अर्की – सोलन को मनोनीत किया गया है।

# 3 जुलाई से शुरू होंगी मैट्रिक जमा दो की अनुपूरक परीक्षाएं

हिमाचल दस्तक ■ धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 के मैट्रिक एवं जमा दो नियमित श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए अनुपूरक परीक्षाओं का आयोजन 3 जुलाई से किया जाएगा। इन परीक्षाओं में अनुत्तीर्ण विषय, अनिवार्य सुधार, वैकल्पिक सुधार, विशेष अवसर, अतिरिक्त विषय, डिप्लोमा धारक पुनः उपस्थिति तथा बोर्ड नियमों के अंतर्गत अनुमन्य अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे।

सभी परीक्षाएं सुबह के सत्र में प्रातः 8:45 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि मैट्रिक नियमित श्रेणी की अनुपूरक परीक्षाएं 3 जुलाई से 10 जुलाई तक तथा जमा दो नियमित श्रेणी की अनुपूरक परीक्षाएं 3 जुलाई से 16 जुलाई तक संचालित की जाएंगी। विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।


डॉ. शर्मा ने विशेष रूप से उन अभ्यर्थियों को भी सूचित किया है, जिन्हें बोर्ड द्वारा विशेष अवसर प्रदान किया गया है अथवा जिन्होंने किसी अपरिहार्य कारणवश पूर्व निर्धारित परीक्षा में भाग नहीं लिया था और इस संबंध में बोर्ड को आवेदन प्रस्तुत किए थे। ऐसे अभ्यर्थियों से आग्रह किया गया है कि वे अपनी पात्रता एवं आवेदन की स्थिति की पुष्टि कर निर्धारित तिथि एवं समय पर परीक्षा में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

डिजिटल अखबार
पहली नजर
सबसे पहले, सबसे तेज़
30 जून, 2026 www.pehalinazar.com pehalinazarhp@gmail.com
पहली नजर
आज की ताजा ख़बर देखते रहिए
डिजिटल न्यूज पेपर पहली नजर के साथ

# मैट्रिक एवं जमा दो अनुपूरक परीक्षाएं 03 जुलाई से प्रारंभ, विशेष अवसर प्राप्त अभ्यर्थियों को भी किया गया सूचित

पहली नजर ब्यूरो, धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 के मैट्रिक एवं जमा दो (नियमित) श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए अनुपूरक परीक्षाओं का आयोजन दिनांक 03 जुलाई, 2026 से किया जाएगा। इन परीक्षाओं में कंपार्टमेंट, एसेंशियल इंप्रूवमेंट, ऑप्शनल इंप्रूवमेंट, स्पेशल चांस, एडिशनल सब्जेक्ट, डिप्लोमा होल्डर रि-अपियर तथा बोर्ड नियमों के अंतर्गत अनुमन्य अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। सभी परीक्षाएं प्रातःकालीन सत्र में प्रातः 8:45 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आयोजित की जाएंगी। उन्होंने



बताया कि मैट्रिक (नियमित) श्रेणी की अनुपूरक परीक्षाएं 03 जुलाई से 10 जुलाई, 2026 तक तथा जमा दो (नियमित) श्रेणी की अनुपूरक परीक्षाएं 03 जुलाई से 16 जुलाई, 2026 तक संचालित की जाएंगी। विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.hpbose.org पर उपलब्ध है।

## बोर्ड द्वारा दिया गया है स्पेशल चांस

डॉ. राजेश शर्मा ने विशेष रूप से उन अभ्यर्थियों को भी सूचित किया है, जिन्हें बोर्ड द्वारा विशेष अवसर (स्पेशल चांस) प्रदान किया गया है अथवा जिन्होंने किसी अपरिहार्य कारणवश पूर्व निर्धारित परीक्षा में भाग नहीं लिया था और इस संबंध में बोर्ड को आवेदन प्रस्तुत किए थे। ऐसे अभ्यर्थियों से आग्रह किया गया है कि वे अपनी पात्रता एवं आवेदन की स्थिति की पुष्टि कर निर्धारित तिथि एवं समय पर परीक्षा में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।


## हेल्पलाईन नंबर भी प्राप्त कर सकते हैं जानकारी

बोर्ड अध्यक्ष डॉक्टर राजेश शर्मा ने बताया कि अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए जिला एवं श्रेणीवार हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं, जिनके माध्यम से परीक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि बोर्ड द्वारा परीक्षाओं के सुचारू, पारदर्शी एवं सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं तथा अभ्यर्थियों से समय पर परीक्षा केंद्रों में पहुंचने का आग्रह किया गया है।

The Sunny Times

# HP BOARD EXAMS: SECOND-CHANCE SUPPLEMENTARY TESTS KICK OFF JULY 3

***The Sunny Times* | *Dharamshala***



Students getting a second shot at clearing their board exams in Himachal Pradesh need to gear up fast. The Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE) is kicking off its matric (Class 10) and plus-two (Class 12) supplementary exams on July 3, 2026. Board Chairman Dr. Rajesh Sharma confirmed that the dates apply to all regular students sitting for compartment, improvement, additional subjects, and special chance categories.

To beat the July heat, all exams will run in a single morning shift from 8:45 AM to 12:00 PM. Class 10 students will wrap up their papers quickly by July 10, while Class 12 students get a slightly longer stretch ending on July 16. The board has already uploaded the complete date sheet on its official website, www.hpbose.org.

This exam cycle is especially critical for students who missed their previous exams due to emergencies or were granted a rare "Special Chance" by the board. Dr. Sharma issued a direct warning to these specific candidates to double-check their eligibility status immediately on the portal so they don't get locked out on exam day. To prevent any chaos, HPBOSE has set up dedicated district-wise helplines for panicking students and promises airtight arrangements for a smooth, cheat-free exam.